आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 17.01.2026
समय 7 20

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न योजनाओं के लिए के लिए 183 करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की।
- "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर में अब तक एक लाख 58 हजार से अधिक व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला।
- अपणी सरकार पोर्टल पर जिला रैंकिंग में पौड़ी ने पहला स्थान प्राप्त किया।
- केंद्र सरकार ने सट्टेबाजी की 242 अवैध वेबसाइटों पर रोक लगाई।

**धनराशि जारी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में सड़कों के निर्माण एवं पुनर्निमाण, पेयजल, आवास, सहित अन्य विभिन्न योजनाओं के लिए के लिए 183 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने आगामी श्री नन्दा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों की विस्तृत कार्ययोजना के तहत नन्दप्रयाग–घाट–सुतोल–कनोल मोटर मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण के लिये 12 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने चमोली के सोनला–देवली बगड़ जलापूर्ति योजना के लिए 6 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने नैनीताल जिले के कालाढूंगी में पनचक्की–चौफुला–कठघरिया नहर कवरिंग के मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण के लिए 11 से अधिक करोड़ का अनुमोदन किया है। हरिद्वार में अभियोजन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 11 से अधिक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत के लिए 21 करोड़ रूपये से अधिक, क्षेत्र पंचायत के लिए 14 रूपये से अधिक और ग्राम पंचायतों के लिए 105 करोड़ से अधिक की धनराशि हस्तान्तरित करने का अनुमोदन प्रदान किया है।

**हेली सेवा**

आगामी अप्रैल व मई माह से शुरू हो रहे चारधाम यात्रा के केदारनाथ हेली सेवा के लिए नए सिरे से एविएशन कंपनियों का चयन किया जाएगा। इसके लिए यूकाडा कंपनियों के चयन में जुट गया है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण यूकाडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष चौहान ने बताया कि केदारनाथ हेली सेवा के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। टेंडर प्रक्रिया में सुरक्षा मानकों का अनुपालन कराया जाएगा। श्री चौहान ने बताया कि पिछले तीन साल से हेली सेवा संचालित करने वाली कंपनियों के साथ अनुबंध पूरा हो चुका है और अब नई हेली सेवा के लिए इसके लिए उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा।

## ठंड और शीतलहर

देहरादून जिले में कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने शीत आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिवादन सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। आदेश के अनुसार, जिलाधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी जिला स्तरीय अधिकारी का कोई भी आकस्मिक अथवा अर्जित अवकाश न तो स्वीकृत किया जाएगा और न ही अग्रसारित किया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि मौजूदा मौसम परिस्थितियों में आम जनजीवन पर पड़ रहे प्रभाव को देखते हुए त्वरित निर्णय, राहत एवं बचाव कार्यों के लिए अधिकारियों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है।

## निर्धारित उत्पादन लक्ष्य पूरा

एनएचपीसी के बनबसा स्थित टनकपुर पावर स्टेशन ने वर्ष 2025—26 का निर्धारित उत्पादन लक्ष्य समय से पहले ही पूरा कर लिया है। टनकपुर पावर स्टेशन को निर्धारित लक्ष्य को 31 मार्च 2026 को पूरा करना था। पावर स्टेशन के महाप्रबंधक ऋषि रंजन आर्य ने बताया कि पावर स्टेशन का डिजाइन एनर्जी उत्पादन लक्ष्य 452 दशमलव 19 मिलियन यूनिट तय है। जिसे पहली अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक पूरा किया जाना था लेकिन पावर स्टेशन ने करीब ढाई माह पहले ही इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। श्री आर्य ने बताया कि इस समय नदी में पानी कम होने के बाद भी पावर स्टेशन ने लक्ष्य पूरा कर देश की बिजली जरूरतों को पूरा करने की ओर कदम बढ़ाया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए अपनी पूरी टीम का आभार जताया है।

## महिला स्पोर्ट्स कॉलेज

खेल एवं जिला की प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने 2 सौ 37 करोड़ की लागत से चंपावत जिले के छमनियां लोहाघाट में बन रहे महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता के निर्देश दिए। खेलमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश का पहला महिला स्पोर्ट्स कॉलेज बन रहा है। इसके बनने से प्रदेशभर के महिला खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं।

## उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के देहरादून दौरे को देखते हुए पुलिस ने सभी व्यवस्थाएं चाकचौबंद किये गये हैं। उपराष्ट्रपति आज सुबह करीब 9 बज कर 55 बजे विशेष विमान से दिल्ली से जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों की ओर से उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया जाएगा। इसके बाद उपराष्ट्रपति सड़क

मार्ग से देहरादून रवाना होंगे। देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर को उपराष्ट्रपति सड़क मार्ग से वापस  देहरादून एयरपोर्ट पहुंचेंगे और दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

**जन–जन के द्वार" कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेशभर में संचालित "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर में अब तक कुल 363 शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में अब तक कुल 2 लाख 80 हजार से अधिक नागरिकों ने सहभागिता की है। शिविरों में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 29 हजार से अधिक शिकायतों का निस्तारण किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक कुल 1 लाख 58 हजार 2सौ 39 व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री  पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना नहीं, बल्कि उनका त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनता से प्राप्त प्रत्येक शिकायत और सुझाव पर संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाए, ताकि शासन और जनता के बीच विश्वास और अधिक मजबूत हो। वहीं जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत पौड़ी जिले के विकासखंड जयहरीखाल के घेरुवा गांव में बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित किया गया।

**अपणी सरकार पोर्टल**

अपणी सरकार पोर्टल पर जिला रैंकिंग में पौड़ी ने 94 दशमलव छह नौ प्रतिशत स्वीकृत प्रकरणों का निस्तारण कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि इस पहल से नागरिकों को घर बैठे प्रमाण पत्र एवं अन्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं, जिससे समय, धन की बचत हुई है और प्रशासनिक पारदर्शिता के साथ जनता का विश्वास भी मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को ऑनलाइन सेवाओं को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। वहीं जिले के ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सचिन भट्ट ने बताया कि जिले में शिकायतों और सेवाओं के निस्तारण को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया गया। जिलाधिकारी के नेतृत्व में अपणी सरकार पोर्टल को प्रशासनिक कार्य का अहम हिस्सा बनाया गया है।

**वेबसाइटों**

सरकार ने दो सौ 42 अवैध सट्टेबाजी और जुआ वेबसाइटों के लिंक ब्लॉक कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, ऑनलाइन जुआ अधिनियम पारित होने के बाद से अब तक सात हजार आठ सौ से अधिक अवैध सट्टेबाजी और जुआ वेबसाइटों को बंद किया जा चुका है और प्रवर्तन कार्रवाइयों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह कार्रवाई उपयोगकर्ताओं, विशेष रूप से युवाओं की सुरक्षा और अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी से होने वाले वित्तीय और सामाजिक नुकसान को रोकने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते है।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा की याचिका खारिज करने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है।

इसी खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने शीर्षक दिया है– जज वर्मा पर जारी रहेगा महाभियोग।

अमर उजाला लिखता है– शीर्ष अदालत ने कहा– जांच समिति बनाकर नहीं किया कोई गैरकानूनी काम।

हरिद्वार में जिलापूर्ति अधिकारी और उनके निजी सहायक को 50 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए विजिलेंस द्वारा रंगेहाथ गिरफ्तार करने की खबर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियां बनी हुई है।

दैनिक जागरण लिखता है–डीएसओ और सहायक 50 हजार घूस लेते गिरफ्तार।

नवोदय टाइम्स इसी खबर पर लिखता है– विजिलेंस टीम ने हरिद्वार में रिश्वत मामले में बड़ी कार्रवाई की– 50 हजार की रिश्वत लेते हुए डीएसओ और सहायक गिरफ्तार।